53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.0°c अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:21 | वर्ष : 53/ अंक : 167 | बुधवार, 18 जून 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

गलत सोच और गलत अंदाजा इंसान को हर रिश्ते से गुमराह कर देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बिजली इतनी महंगी हो जाएगी कि कई लोग अपना मोबाइल भी चार्ज नहीं कर पाएंगे : अखिलेश यादव



उन लोगों का मोबाइल चार्ज करने को लेकर आपकी क्या-क्या योजनाएं हैं?.......

# शाहबुद्दीनपुर रोड पर ईडी की छापेमारी से हड़कम्प

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** मंगलवार की दोपहर 2 बजे पंजाब के जालंधर जोन की एक टीम नार्कोटिक्स विभाग को साथ लेकर शाहबुद्दीनपुर रोड स्थित अंकित के घर पहुंची। टीम के साथ सीआरपीएफ बल भी मौजूद रहा। टीम में एक महिला अधिकारी समेत 8 सदस्यों की टीम ने करीब 6 घंटे से अधिक छापेमारी की। सूत्रों की माने तो पंजाब से नशीली दवाई सप्लाई करने के मामले में लखनऊ में स्थित एक दवा कम्पनी के फ्लैट और कई अन्य ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। बड़ी बात यह है कि 6 घंटे की मशक्कत के बाद भी ईडी को अभी आरोपी अंकित हाथ नहीं लग पाया है। टीम ने कुछ देर नहीं बल्कि कई घंटों तक अंकित की पत्नी और मां से अहम जानकारी हासिल की। हालांकि इस बात का खुलासा ईडी ने अभी नहीं किया कि मां व पत्नी ने अंकित कहां मौजूद है, इस बात की जानकारी दी है अथवा नहीं? अंकित फिलहाल मुजफ्फरनगर के शाहबुद्दीनपुर रोड की सफात कॉलोनी में रहता है। जैसे ही टीम ने अंकित के मकान को घेरा तो क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और शाम होते-होते यह खबर मीडिया में फैल गयी। मीडिया मौके पर पहुंची तो पत्रकारों को अंदर नहीं जाने दिया गया। टीम ने अंकित के घर पर पूरी छानबीन करते हुए संदूक, बेड व अलमारियों तक को खंगाला मगर यह नहीं बताया कि उन्हें वहां से कुछ हासिल हुआ है अथवा नहीं। 6 घंटे की मशक्कत के बाद करीब 8 बजे निराश होकर खाली हाथ वापस लौट आई क्योंकि टीम को अंकित का कोई सुराग नहीं लग पाया था।

**दवा कम्पनी के कर्मचारी के घर इडी की छापेमारी, नशीली दवाइयों को बेचने का मामला**

### अलमासपुर में मेडिकल स्टोर पर हो चुकी है छापेमारी

**मुजफ्फरनगर।** जानकारी मिलने पर पता लगा कि अंकित अलमासपुर में मेडिकल स्टोर का संचालन करता था, जहां नार्कोटिक्स विभाग ने पूर्व में भी छापामारी की थी, उसके बाद अंकित ने उक्त मेडिकल स्टोर ही बंद कर दिया था। जानकारी मिली कि अंकित ने मेडिकल स्टोर के निकट ही स्थित अलमासपुर का अपना मकान भी बदनामी के चलते बेच दिया था। अब वह गुपचुप तरीके से शाहबुद्दीनपुर रोड स्थित सफात कॉलोनी में रह रहा है। बड़ी बात यह है कि उक्त पूरे मामले में अंकित का पता पंजाब तक की टीम को तो लग गया मगर मुजफ्फरनगर का ड्रग विभाग इस मामले में कोई बड़ी कार्यवाही आज तक नहीं कर पाया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अंकित के साथ मां व बहू के अलावा उसके पिता भी रहते हैं। मगर जिस समय टीम का छापा लगा तो पिता बार बार आते-जाते तो रहे मगर घर के अंदर घुसने की उनकी हिम्मत नहीं हुई और वह बाहर से ही चक्कर लगाकर वापस हो गए। मुजफ्फरनगर में ईडी की छापेमारी से देर रात तक हड़कम्प मचा हुआ था।





## सिर में गोली मारकर जल निगम के कर्मचारी ने की आत्महत्या

**तितावी/मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** शामली रोड स्थित तितावी थाना क्षेत्र के मुकंदपुर में जल निगम में तैनात ऑपरेटर ने सिर में गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वह बुढ़ाना क्षेत्र में जल निगम में कार्यरत था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से उक्त युवक मानसिक तनाव में चल रहा था। पुलिस ने मौके से तमंचा बरामद किया है। बताया जाता है कि मानसिक तनाव के कारण उसका उपचार मेरठ अस्पताल में चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मृतक पिछले काफी समय से चल रहा था मानसिक तनाव में। पुलिस ने मौके से किया तमंचा बरामद**

जिले में गांव मुंकदपुर निवासी मोहित जल निगम में बुढ़ाना क्षेत्र में ऑपरेटर के पद कार्यरत था। सोमवार रात्रि उसने बंद कमरे में तमंचे से अपने सिर में गोली मार ली। उस कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ समय पश्चात उसकी मां छत से नीचे कमरे में खाना लेकर पहुंची, तो कमरे का दरवाजा खटखटाने पर नहीं खुला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर उसकी मां ने कमरे की खिड़की से अन्दर झांककर देखा, तो मोहित का शव खून से लथपथ पड़ा था। इसी बीच मामले की जानकारी तितावी पुलिस को दी गयी। तितावी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। तमंचे की गोली लगने से मोहित के सिर का मांस भी बाहर निकल गया था। जानकारी करने पर परिवार के लोगों ने बताया कि मोहित काफी समय से किसी बात को लेकर डिप्रेशन में था। कुछ समय पूर्व भी उसने अपने हाथ की अंगुली काट ली थी। तितावी पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।



## राजमिस्त्री की गोली मारकर हत्या

**खतौली, 17 जून (बु.)।** दिन निकलते ही मजदूरी के लिए जा रहे राजमिस्त्री की गोली मारकर हत्या करने से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। वहीं सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा कर घंटों शव को उठने नहीं दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव नावला निवासी गुलशेर पुत्र हसीन अपने बहनोई गुलफाम निवासी राडधना के साथ चिनाई का कार्य कर रहा था। बताया जाता है कि प्रतिदिन की भांति मंगलवार को गुलशेर सुबह अपने गांव से बाइक द्वारा मजदूरी करने निर्माण कार्य पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में गांव मुजाहिदपुर भूपखेड़ी क्षेत्र में राजवाहा पटरी पर अज्ञात हमलावरों ने चिनाई मिस्त्री गुलशेर की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरी ओर देर तक जब गुलशेर निर्माण कार्य पर नहीं आया तो उसके बहनोई गुलफाम द्वारा मोबाइल फोन से बात करने का प्रयास किया गया तो गुलशेर का फोन किसी अन्य व्यक्ति ने रिसीव किया और गुलशेर की गोली मारकर हत्या किये जाने की जानकारी दी। कुछ समय में गुलशेर की हत्या की सूचना जैसे ही गांव नावला पहुंची, तो भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणें ने जमकर हंगामा करते हुए मौके से पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। ग्रामीण हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। घंटों के प्रयास के बाद किसी तरह ग्रामीणों को समझाने-बुझाने के बाद शांत करके पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मिस्त्री गुलशेर की हत्या से गांव में शोक की लहर छा गयी। मृतक गुलशेर अपने पीछे अपनी पत्नी सहित तीन बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। दूसरी ओर कोतवाली पुलिस गुलशेर की हत्या के कारणों सहित हत्यारों की तलाश में जुट गयी है।





### अभी भी नहीं मिली शाहनवाज को जमानत

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** 5 दिसम्बर से जेल में बंद शाहनवाज राना के गैंगस्टर मामले में आज कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को जीएसटी टीम ने सांसद कादिर राना की फैक्ट्री में छापेमारी की थी। इस दौरान जीएसटी टीम पर हमला कर गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गयी थी। पुलिस ने मौके से शाहनवाज राना समेत चार को गिरफ्तार कर लिया था। जीएसटी मामले में शाहनवाज राना की जमानत हो चुकी है मगर उसके बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राना व अन्य के खिलाफ जीएसटी चोरी का मामला दर्ज हुआ था। इसी के साथ साथ उन पर एक अन्य तीसरा मुकदमा मंसूरपुर में जमीन कब्जाने का दर्ज कराया गया था। इन्हीं मुकदमों के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट भी दर्ज की थी, जहां मंगलवार को शाहनवाज की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। उक्त सुनवाई न होने के कारण अब इसकी तिथि 9 जुलाई नियत की गयी है।

## रोडवेज बस के कुचले जाने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**खतौली, 17 जून (बु.)।** रोडवेज बस की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसका दूसरा साथी घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हरिद्वार से बाइक द्वारा वापस लौट रहे दो दोस्त युवकों की बाइक जब खतौली नगर में जीटी रोड स्थित विद्युत गृह के निकट पहुंची, तो बताया जाता है कि इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार मृतक की पहचान मनीष (19) पुत्र उमेश निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक मनीष अपने दोस्त आकाश पुत्र सौराज के साथ हरिद्वार से बाइक द्वारा वापस आ रहे थे। घायल आकाश के अनुसार वे दोनों हरिद्वार बाइक से घूमने गए थे। बाइक मृतक मनीष चला रहा था। जब उनकी बाइक खतौली नगर में जीटी रोड स्थित बिजलीघर के निकट पहुंची, तभी मेरठ की ओर से आ रही भैंसाली डिपो की रोडवेज बस चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में रोडवेज बस के नीचे कुचले जाने से मनीष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया जाता है कि मृतक मनीष स्टेशनरी का कारोबार करता था तथा आगामी कुछ माह बाद उसकी बहन की शदी होनी थी।





## ईरान और इजरायल की जंग के बीच फंसा कैराना का छात्र, परिजन चिंतित

**( विशाल भटनागर )**

**कैराना, 17 जून (बु.)।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग में भारतीय छात्र फंस गए हैं। ईरान में कैराना का एक छात्र भी फंस गया है, जो मौलवियत की पढ़ाई करने गया हुआ है। अब उसके परिजन भी छात्र का इंतजार कर रहे हैं।

दरअसल पिछले चार पांच दिनों से इजरायल और ईरान के बीच तैनाव हो गया है, और दोनों देशों से मिसाइलें दागी जा रही है। हालात बेहद चिंताजनक हैं। इस युद्ध में लगातार मरने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अब भारत भी फंसे छात्रों को निकलने की शुरूआत कर चुका है। इसी बीच कैराना के मौहल्ला तलाब अंसारियान निवासी मौहब्बत अली पिछले दो सालों से ईरान के इस्फहान शहर में अल मुस्तफा विश्वविद्यालय में मौलवियत की पढ़ाई करने गया हुआ है। अब युद्ध के बीच उसने भी अपने स्वदेश लौटने का सोचा, तो बढ़ते तनाव के बीच फ्लाइट्स बंद कर दी गई हैं। हालांकि वह वहां पर सुरक्षित है और तेहरान से इस्फहान की दूरी लगभग 450 किलोमीटर की है। वहीं ईरान में फंसे मोहब्बत अली के भाई हैदर रहीस ने बताया कि वह दो साल पूर्व गया था। अब आने के लिए टिकट भी कराया था, लेकिन युद्ध की वजह से फ्लाइट्स बंद हैं। अब आने का कुछ नहीं पता। उम्मीद है शायद जल्द वापस लौट आए। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब तैनाव हुआ, तब इजरायल ने हमला किया तो वहां के हालात अजीब और गरीब हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। बता दे कि ईरान और इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष का खामियाजा वहां रह रहे भारतीय छात्र भी झेल रहे हैं। वहीं ईरान में फंसे मौहब्बत अली के भाई ने बताया कि वह सरकार से भी भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए अपील करते हैं और ताकि सभी स्वदेश सुरक्षित लौट सके।

**फ्लाइट्स बंद होने से परेशान है छात्र**



### सहारनपुर में दो बच्चों की यमुना में डूबने से मौत

**सहारनपुर, 17 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के चिलकाना थाना क्षेत्र के दो बच्चों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तिड़फवा गांव निवासी दानिश (14) अपने मित्र आबिद (10) के साथ जोधेबांस के पास यमुना नदी में नहाने गए थे। पैर फिसल जाने से दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। उनके साथ गए उमर और दूसरे साथी ने शोर मचाया। वहां मौजूद कुछ लोगों ने इन बच्चों को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हुए। सूचना मिलने पर बाद में गांव से पहुंचे लोगों ने घंटों मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शवों का नदी से बाहर निकाल लिया। मृतक उमर माता-पिता का इकलौता बेटा था और अपने पिता की काफी पहले हुई मौत के बाद से वह यहां गांव तिड़फवा में अपने मामा के यहां रह रहा था। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के सौंप दिया। उधर नानौता थाने के कुतुबपुर रजवाहे के पास झाड़ियों से करीब 20 वर्षीय एक युवक का निर्वस्त्र हालत में शव बरामद हुआ है। जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।



## 'अमेरिका को पता है कहां छिपे हैं खामनेई, आत्मसमर्पण करे ईरान', ट्रंप का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसी)।** इस्राइल-ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा ईरान के आसमान पर पूरी तरह नियंत्रण है। उनका यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब इस तरह की अटकलें तेज हुई हैं कि क्या अमेरिका ईरान पर इस्राइल के हमलों में शामिल होगा या नहीं? ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब हमारे पास ईरान के आसमान पर पूर्ण और पूरी तरह नियंत्रण है। उन्होंने अमेरिका में बने हथियारों की तारीफ की, हालांकि उन्होंने इस्राइल का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया। उन्होंने लिखा कि कोई भी यह काम हमसे बेहतर नहीं करता। पुराने और भरोसेमंद अमेरिका से अच्छा कोई नहीं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई कहां छिपे हुए हैं, लेकिन हम उन्हें मारना नहीं चाहते हैं। उन्होंने ईरान से अब बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' करने का अनुरोध किया, क्योंकि पांच दिनों से चल रहा इस्राइल-ईरान संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है।




### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से नौ लोगों की मौत, 26 घायल

**चांगशा, 17 जून (वार्ता)** मध्य चीन में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। इस दुर्घटना में 26 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर मौजूद बचाव दल ने यह जानकारी दी है। यह विस्फोट हुनान प्रांत के लिनली काउंटी में सोमवार सुबह करीब 8:23 बजे हुआ था। राहत एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच दल का गठन किया गया है।

## 235 मोबाइल स्वामियों को वापस मिले अपने मोबाइल तो खिल उठे चेहरे

**पुलिस की बड़ी सफलता, 48 लाख की कीमत के 235 मोबाइल लौटाये ▶▶ एसएसपी ने सर्विलांस टीम प्रभारी राजीव कुमार सिंह व उनकी टीम को सम्मानित करने की घोषणा की ▶▶ गुम हुए मोबाइल मिलने पर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस का आभार प्रकट किया**

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** किसी की खोई हुई कोई भी चीज हो, चाहे उसकी कीमत 500 रुपये ही क्यों न हो, जब वापस मिलती है तो मन ऐसे गदगद हो उठता है कि जैसे सोना मिल गया हो। जब खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जाए तो बात ही क्या है? ऐसी ही सफलता मुजफ्फरनगर पुलिस ने हासिल की है। मुजफ्फरनगर की सर्विलांस टीम ने 235 मोबाइल स्वामियो के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। पिछले छह महीने में सैकड़ों मोबाइल खोने की शिकायत अलग अलग थानों में की गयी थी, जिसकी पूरी जांच सर्विलांस टीम कर रही थी और लगातार जांच के बाद छह महीने में 235 स्मार्ट फोन वापस दिलाने में टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को प्रेसवार्ता कर उक्त सभी मोबाइल स्वामियों को बुलाकर जब उनके हाथों में उनका खोया मोबाइल दिया गया तो चेहरे की मुस्कुराहट वास्तव में देखने लायक थी। एक ओर पुलिस इस बड़ी सफलता से खुश नजर आई वहीं उससे दोगुनी खुशी मोबाइल स्वामियों को चेहरे पर थी। आज के दौर में महंगे-महंगे मोबाइल सबकी जेबों में हैं और उस मोबाइल के खो जाने अथवा छीने जाने का जो दर्द होता है, वह वास्तव में मोबाइल स्वामी को ही पता होता है। बड़ी बात यह है कि जो मोबाइल वापस लौटाए गए उनकी कीमत लाख दो लाख नहीं बल्कि 235 मोबाइलों की कीमत 48 लाख आंकी गयी है। ऐसे में औसतन प्रत्येक मोबाइल की कीमत अगर एक सी आंकी जाये तो यह कीमत 20 हजार 425 बैठती है। हालांकि इनमें एक से डेढ लाख रुपये की कीमत के महंगे आई फोन भी शामिल थे। ऐसे में आज प्रेसवार्ता के दौरान मोबाइल दिलाने वाले पुलिसकर्मियों व पाने वाले मोबाइल स्वामी दोनों ही प्रसन्न होकर घर वापस लौटै। एसएसपी ने सर्विलांस टीम प्रभारी राजीव कुमार सिंह व उनकी टीम को सम्मानित करने की घोषणा की है।









### जम्मू-कश्मीर में सभी अमरनाथ यात्रा मार्ग 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित

**श्रीनगर, 17 जून (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को एक जुलाई से 10 अगस्त तक 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित किया है। तीन जुलाई से शुरू होने वाली श्री अमरनाथजी यात्रा में इस वर्ष सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, जिसमें 38 दिनों की तीर्थयात्रा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती भी शामिल है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिसमें 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गयी थी। प्रति वर्ष, हजारों श्रद्धालु हिमालय में स्थित गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए कठिन यात्रा करते हैं। गृह विभाग ने 16 जून को आदेश जारी कर अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित कर दिया है। इस आदेश का उद्देश्य यात्रा को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाना है। राज्य सरकार के प्रमुख सचिव चंद्राकर भारती द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यात्रा अवधि के दौरान पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर ड्रोन, यूएवी और गुब्बारे सहित सभी विमानन प्लेटफॉर्म पर सख्त प्रतिबंध जारी रहेगा।

# आयुष विभाग के योग शिविरों का मंत्री कपिल देव ने किया समापन



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में जनपद मुजफ्फरनगर में दो महत्वपूर्ण योग शिविरों का आयोजन आयुष विभाग की ओर से किया गया। शिविरों में यूपी सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अन्य लोगों के साथ में योगाभ्यास किया। पहला शिविर कम्पनी गार्डन में आयोजित हुआ, जहां सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर योग की विविध क्रियाओं में भाग लिया। इसके बाद मंत्री श्री अग्रवाल ग्रीनलैंड मॉडर्न जूनियर हाईस्कूल गौशाला में आयोजित दूसरे शिविर में पहुंचे, जहां मौजूद विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी।मंत्री कपिल देव ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन में लाने का कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुरू अथक प्रयासों से योग वैश्विक स्तर पर आज पहचान बना चुका है और भारत की यह प्राचीन विद्या अब जन-जन तक पहुँच रही है। उन्होंने उपस्थित जनता से आग्रह किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं व स्वास्थ्यवर्धक जीवन की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम में आयुष विभाग के अधिकारी, शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। योगाचार्यों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वज्रासन व त्रिकोणासन आदि की क्रियात्मक प्रस्तुति दी, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में मंत्री कपिल देव ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए उन्हें योग प्रसार में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया। योग करें, निरोग रहें के मंत्र के साथ आयोजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. रिम्पल चौधरी योग नोडल अधिकारी, डॉ. मानवेन्द्र एवं योग प्रशिक्षक भावना पाल, जैकी कुमार, वरुण सिंह, पुष्पा चौधरी, कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मौहम्मद, अय्यूब व सैफ रहमान के अलावा 55 लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने लगाई अधिकारी को फटकार, अब जल्द मिलेगा गरीब को आशियाना



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** सदर तहसील कांग्राम सोहजनी जाटान निवासी संध्या अपने पति रवि और दो बच्चों के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंची। उसका आरोप था कि प्रधानमंत्री आवास विकास ग्रामीण पात्रता की वो श्रेणी में आते हैं, लेकिन उनको इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय स्तर पर कई बार उनके द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। लेखी सूची में नाम नहीं आने से वो मायूसी है। ऐसे में वो पिछले दो वर्षों से अधिक समय से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने जिला पंचायत अधिकारी को तुरंत कॉल कर मामले की सूचना मांगी, तो मामला विभागीय लापरवाही का सामने आया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा पहने पर ही संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए पीड़ित परिवार की समस्या का निस्तारण एक हफ्ते में करके आख्या पेश करने का आदेश जारी किया, तो पंचायत राज विभाग द्वारा जो काम पिछले दो वर्षों ने नहीं हो पा रहा था, उसको जिलाधिकारी की एक फटकार ने कुछ ही मिनटों में कर दिखाया, जिसके बाद पीड़ित संध्या को जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास विकास ग्रामीण योजना की सूची में पात्रता में नाम अंकित किया जा चुका है और उसका पैसा जल्द ही उनके खाते में नियमानुसार ट्रांसफर कर दिया जाएगा, जिसके बाद पीड़ित परिवार को कार्यालय में बैठे कुछ सामाजिक लोगों के द्वारा आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया।

## तारीख गवाह है

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 17 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार हैं। **1576-** अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ। **1758-** फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था। **1812-** अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स मेडिसन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। **1815-** वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन बोनापार्ट को हार का सामना करना पड़ा। **1858-** झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर के निकट लड़ाई के मैदान में ब्रिटिश सेना से लोहा लेने के बाद मारी गईयी। **1941-** तुर्की ने नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। **1946-** गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया। **1956-** भारतीय संसद ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम को पास किया। **1972-** ब्रिटिश यूरोपियन विमान 548 उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 118 लोगों की मौत। **1978-** चीन और पाकिस्तान को जोड़ने वाले 1300 किलोमीटर लंबे काराकोरम हाईवे का काम पूरा हुआ। **1979-** अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हथियार नियंत्रण समझौता हुआ। **1983-** अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सैली राइड को अंतरिक्ष में भेजा गया। अंतरिक्ष में जाने वाली वे पहली अमेरिकी महिला हैं। **1987-** एम एस स्वामीनाथन को पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला। **2009-** नासा ने चांद पर पानी की तलाश में विशेष यान भेजा। **2012-** शलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद को सऊदी अरब का क्राउन प्रिंस नियुक्त किया गया।



# बीच सड़क बनी जंग का अखाड़ा

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र का प्रकाश चौक उस समय जंग का अखाड़ा बन गया, जब तलाक के कागजों पर साइन करने से पत्नी ने इंकार कर दिया। काफी देर तक सड़क पर चीख-पुकार के साथ दोनों पक्षों के कई लोगों के बीच मारपीट होती दिखाई पड़ी। इस बीच कुछ लोगों द्वारा बीच बचाव कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया जबकि एक अन्य घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल रैफर किया। इस दौरान थाना सिविल लाइन में लड़की द्वारा सूचना दी गई कि वह तीन माह की गर्भवती है। इस मारपीट में उसको भी चोट लगी है, जिसको तत्काल थाना प्रभारी आशुतोष कुमार द्वारा महिला पुलिसकर्मी की सुपुर्दगी में जिला महिला अस्पताल भिजवाया गया तथा उपचार कराया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों के द्वारा समझौते का प्रयास किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस मारपीट के वायरल वीडियो को लेकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने में जुटी है।

# वेश्यावृत्ति का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**भोपा, 17 जून (बु.)।** लड़कियों को बुलाकर अपने मकान में वेश्यावृत्ति कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर जमकर हंगामा किया, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कस्बा भोपा के एक मौहल्ले में उस समय हंगामा मच गया, जब ग्रामीणों को सूचना मिली कि गैर संप्रदाय के एक व्यक्ति के मकान में एक युवक और युवती रंगरलिया मना रहे हैं। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने मकान के सामने पहुंचकर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद मकान मालिक ने मौका पाकर युवक और युवती को घर से फरार करा दिया। सूचना पर भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और मकान मालिक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी बाहर से लड़कियों को बुलाकर अपने मकान में वेश्यावृत्ति कराता है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी को कई बार समझाने के बाद भी आरोपी बात नहीं मान रहा है। मौहल्लेवासियों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्यवाही की मांग की है। पुलिस आरोपी से मामले की जानकारी में जुटी है।

# तुषार शर्मा ने बढ़ाया फ्लाइंग ऑफिसर बन जिले का गौरव



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** शहर के अंकित विहार निवासी तुषार शर्मा का चयन बीते दिवस एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में फाइटर पायलट के पद पर हुआ है। एनडीए के सफलता मिलने पर तुषार शर्मा के परिवार के साथ शिक्षकों ने हर्ष जताया है। नगर के एसडी पब्लिक स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद से वह एनडीए में जाने की तैयारी में जुट गए थे। बेटे की इस सफलता पर सहायक अध्यापक ओमदत्त गौतम के साथ शिक्षकों में खुशी का लहर दौड़ गई है। मूल रूप से शाहपुर क्षेत्र के सौरम गांव निवासी ओमदत्त गौतम वर्तमान में शहर के अंकित विहार में रह रहे हैं। ओमदत्त गौतम बेसिक शिक्षा विभाग के शाहपुर ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल ग्राम कमालपुर में सहायक अध्यापक है। उनके बेटे तुषार शर्मा ने एसडी पब्लिक स्कूल से 2020 में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने एनडीए में जाने का मन बनाया और तैयारी में जुट गए। तुषार शर्मा बताते हैं कि उन्होंने एनडीए परीक्षा की तैयारी घर पर ही यूट्यूब और अन्य माध्यमों से ऑनलाइन कोचिंग से की। इसके बाद पहले प्रयास में ही एनडीए की परीक्षा पास की तथा देहरादून में हुए साक्षात्कार को पास कर लिया। वहीं पिता ओमदत्त गौतम ने बताया कि बेटे की इस बड़ी सफलता पर हमें नाज है। हमारी मेहनत सफल हो गई। बहन सृष्टि भी वनस्थली से बीटेक की पढ़ाई कर रही है। तुषार शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार में बहन आस्था, सृष्टि, प्रज्ञा और भाई संयम, हर्ष, अनुभव, गौरव सहित चाचा-ताऊ, दादा सुखबीर शर्मा ने तुषार शर्मा को आशीर्वाद दिया और देश की सेवा में आगे बढ़ने की सोच और सफलता पर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

# कोल्हू में आग लगाने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**भोपा, 17 जून (बु.)।** बंद कोल्हू के पास भांग के कबाड़े में आग लगाकर कोल्हू को जलाने वाले आरोपी सहित भांग कारोबारी से कमीशन लेने वाले आरोपी पर लगभग एक माह बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुडकली तालाब अली निवासी सलमान ने भोपा थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसने अपने गांव के ही फरान का गन्ना कोल्हू ठेके पर लेकर चलाया हुआ था। बीते अप्रैल माह के अंत में उसने कोल्हू बंद कर दिया था और कोल्हू का सभी सामान कोल्हू में ही बंधा हुआ था। आरोप है कि कोल्हू के पास ही वाजिद भांग का कारोबार करता है, जो भांग को सुखाकर उसकी पत्ती बोरी में भरकर बेच देता है और बाकी कबाड़े में आग लगा देता है, वहीं गांव का ही रिहान उक्त वाजिद से कमीशन लेता है। पीड़ित ने बताया कि बीते 20 मई की सुबह आरोपी ने भांग के कबाड़ में आग लगाई थी, जिसके कारण गन्ना कोल्हू में भी आग लग गई और कोल्हू में रखा खोई का कूप, छप्पर और अन्य सामान जलकर राख हो गए, जब पीड़ितों को आग लगने का पता चला, तो गांव वालों ने और फायर ब्रिगेड ने जाकर किसी तरह आग पर काबू पाया था। पीड़ित ने बताया था कि कोल्हू में आग लगने के कारण उसे काफी नुकसान हुआ था। मामले में पुलिस ने लगभग एक माह बाद कार्यवाई करते हुए वाजिद और रिहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सीएमओ ने किया शाहपुर के सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी

**शाहपुर, 17 जून (बु.)।** सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने मंगलवार को शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी सहित अन्य समस्त व्यवस्थाएं भी परखी तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी पर वृक्षारोपण भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने मंगलवार को स्थानीय सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी के अलावा पूरे अस्पताल का भ्रमण किया। सीएमओ ने अस्पताल में भर्ती दो मरीजों से चिकित्सकों व वार्ड बॉय के व्यवहार के अलावा मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर का भी निरीक्षण किया तथा उसका मिलान किया, जिसमें सभी कर्मचारी मौके पर उपस्थित पाए गए। इसके अलावा सीएमओ में अन्य पत्रावलियों का भी गहनता से अध्ययन किया। सीएमओ ने सफाई व्यवस्था का बेहद ही बारीकी से निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि प्रतिदिन सफाई व्यवस्था बेहतर हो। सीएमओ ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सक व कर्मचारी केंद्र पर आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार रखकर उनका उपचार करें। इस दौरान सीएमओ ने केंद्र परिसर में सहजन के पौधे का वृक्षारोपण किया। इस दौरान केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।




## बाइक पर बैठे 5 व्यक्तियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस ने बाइक को किया सीज

**शाहपुर, 17 जून (बु.)।** नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह के समय एक बाइक पर बैठे पांच व्यक्तियों का वीडियो सोशल मीडिया पर एक बाइक पर सवार 5 व्यक्तियों का गुड़ मण्डी कस्बा शाहपुर थाना शाहपुर के पास का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमे तुरन्त संज्ञान लेते हुये उपरोक्त मोटर साईकिल नम्बर यूपी12 बीजे-9484 को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।







# भैंसी की बेटी तनु मेहरा ने कजाकिस्तान में आयोजित ग्रेप्लिंग वर्ल्ड कप में रजत व एक कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**खतौली, 17 जून (बु.)।** क्षेत्र के गांव भैंसी की बेटी तनु मेहरा वाल्मीकि द्वारा कजाकिस्तान में आयोजित ग्रेप्लिंग वर्ल्ड कप में रजत व एक कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र में आने पर फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली ब्लॉक के गांव भैंसी निवासी तनु मेहरा वाल्मीकि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कजाकिस्तान में आयोजित ग्रेप्लिंग वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। तनु मेहरा वाल्मीकि का खतौली पहुंचने पर नगर के घंटाघर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान ढोल नगाड़ों के साथ तनु मेहरा की इस उपलब्धि पर युवा वर्ग द्वारा जमकर डांस किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तनु मेहरा की इस प्रतिभा से नगर जनपद ही नहीं अपितु देश का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष प्रवीण ठकराल, अजय भुर्जी सभासद, सतीश प्रकाश वर्मा, बंटी गहलौत, अरुण अग्रवाल, सुधीर वाल्मीकि, संजय भुर्जी, भरतेश शर्मा, राजू उपाध्याय, अजय, मनोज राठी भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। इसके बाद गांव भैंसी पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनके निवास पर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर तनु वाल्मीकि का जोरदार स्वागत किया गया तथा उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हुए उनके परिजनों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित अहलावत ने कहा कि तनु की इस उपलब्धि से जहां देश का गौरव बढ़ा है, वहीं देश की अन्य बेटियों के लिए तनु की उपलब्धि एक प्रेरणास्रोत होगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित अहलावत, राहुल चौधरी, बालिंदर अहलावत, विशाल अहलावत, मनीष चौधरी आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे। तनु मेहरा की इस उपलब्धि से गांव भैंसी में खुशियों का सिलसिला बना रहा।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 18 जून, 2025**

**मेष-** कठिनाइयों से अशांति, प्रगति में व्यवधान, पारिवारिक उलझनें, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, शत्रुहानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, व्यर्थ भ्रमण।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मनोरंजन की ओर रुझान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि।

**मिथुन-** समय आशाजनक, विवादास्पद मसला हल होने को, विरोधी परास्त, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, सुख के साधन सुलभ। यात्रा सुखद।

**कर्क-** स्वास्थ्य अनुकूल, आपसी सौहार्द्र, आहार-विहार में नवीनता, अध्ययन में रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, किसी योजना को मूर्त रूप में परिणित।

**सिंह-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कठिनाइयों से अशांति, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, लापरवाही हानिकारक, पठन-पाठन में अरुचि, यात्रा निरर्थक।

**कन्या-** दिनमान अनुकूल, आरोग्य सुख में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, इच्छित पद की प्राप्ति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन की प्राप्ति, सम्मान में वृद्धि।

**तुला-** व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति, स्वास्थ्य सुधार पर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, आवागमन में अनुकूलता, मनोरंजन की ओर रुझान, मानसिक शांति।

**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, वरिष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, सुख के जरूरी साधन उपलब्ध, हर्षोल्लास का वातावरण।

**धनु-** आशा अधूरी, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास असफल, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्य-व्यवसाय में निराशा, मानसिक बेचैनी, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

**मकर-** योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से कार्य-सिद्धि, सद्विचारों का उदय, मानसिक शांति, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैमनस्यता का समापन।

**कुम्भ-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यावसायिक उन्नति हेतु नवप्रयास, इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, लाभकारी मार्ग प्रशस्त, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि।

**मीन-** विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणित, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, अध्यात्म के प्रति आस्था।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



# विकास कार्यो से खुश ग्रामीणों ने पूर्व प्रमुख का किया स्वागत

**बुढ़ाना, 17 जून (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा में बुढ़ाना ब्लॉक की महिला प्रमुख पाल्लो देवी और उनके पुत्र पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक के द्वारा कराए गये काफी विकास कार्यों से खुश होकर ग्रामीणों ने आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक को अपने गांव मंदवाड़ा में बुलाकर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और एक सभा का आयोजन कर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक जिंदाबाद, रालोद जिंदाबाद और चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी के साथ लगाए। यहां पर ढोल नगाड़ों की थाप पर गांव के कुछ युवाओं ने जमकर डांस किया। इस दौरान यहां पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि मेरी माता ने इस ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवों में जो भी विकास कार्य किए हैं, वे किसी से भी छुपे हुए नहीं हैं। उन्होंने प्रत्येक गांव में बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों के कार्य किए और यही बात मेरे कार्यकाल में भी रही। मैं इन सभी बातों से अलग एक बात और कहना चाहता हूं कि अगर आप ग्रामीणों का किसी भी अधिकारी ने बिना वजह उत्पीड़न किया, तो वह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। इस दौरान यहां पर चौधरी अजीत सिंह और चौधरी चरण सिंह के भी नारे लगाए गये और कहा कि प्रमुख साहब आप संघर्ष करों पूरा गांव बिना किसी लोभ लालच के आपके साथ है। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला आंगनवाड़ी-आशाओं ने एसडीएम आफिस के बाहर नारेबाजी कर दिया धरना

**बुढ़ाना, 17 जून (बु.)।** महिला आंगनवाडी एवं आशा कर्मचारी कल्याण समिति के तत्वावधान में सैकड़ों आशा व आंगनवाडी महिला कर्मचारियों ने मंगलवार को एसडीएम ऑफिस पर धरना प्रदर्शन कर खूब नारेबाजी की और एसडीएम के माध्यम से 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को भिजवाया। ज्ञापन में कहा गया कि जब तक आंगनवाडियों को ऑनलाईन काम के लिये सुविधायें उपलब्ध कराये जाये तब तक क्षेत्रीय मुख्य सेविका को आदेशित किया जाये कि वह 5 जी मोबाईल लेकर तिथि वार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जायें ओर ऑनलाईन कार्य को आंगनवाडी लाभार्थी को बुलाकर पूर्ण सहयोग करें, जिससे कार्य पूर्ण हो सके। ऑनलाइन कार्य के लिये मासिक भत्ता अलग से दिया जाये। संस्थानों के बिना ऑनलाइन कार्य फेस आईडी आदि को तत्काल स्थगित किया जायें। सरकार के आदेश के लम्बित रहते आंगनवाडी कर्मचारी मजबूरीवश इस कार्य से विरत रहेंगी, इसलिए उन्हें 5 जी मोबाईल उपलब्ध कराया जाये। 1 हजार, 15 सौ व 2 हजार पीएनआई का भुगतान सब जिलों की आंगनवाडियों को किया जाये। आंगनवाडी को आये दिन जिले व ब्लॉक की मीटिंग व नेताओं की रैलियों मे बुलाया जाता है, उसके लिये आंगनवाडियों को पीएडी दिलाया जाए। पोषण ट्रकर आंगनवाड़ी कर्मचारी के लाभार्थी अपने आप डिलीट हो जाते हैं। डेटा के साथ छेड़छाड़ न की जाये। पोषण ट्रकर का अपना आंगनवाडी का ऐक्सल केवल आंगनवाडी के साथ होना चाहिये पोषण ट्रकर 24 घंटे खुला रहना चाहिये। आंगनवाडियों को मुख्य सेविका पद पर और सहायिकाओं को कार्यकर्त्रियों के पदों पर समय से प्रमोशन सुनिश्चित किया जाये और पूर्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को 2 जी मोबाइल फोन आवंटन किया था, जो लाईन कार्य करने में असमर्थ है। इसलिए ऑन कार्य हेतु 5 जी मोबाईल फोन तत्काल प्रभाव से दिलाया जाये। अगर ये मांगे पूरी न हुई, तो सब कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगी। यहां समिति के अध्यक्ष सुरेश पाल, उपाध्यक्ष बबीता देवी, बबीता जैन, दीपा सैनी, ऊषा, सरिता चौधरी, मोनिका बालियान, दीपा सैनी, अरुणा चौधरी और मुकेश आदि कर्मचारी मौजूद थे।




## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र प्रदीप कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह आवारा किस्म का व शराबी है। मैं अपने पुत्र प्रदीप कुमार से अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में मेरा पुत्र प्रदीप कुमार किसी गैर-कानूनी कार्य, लेन-देन व झगड़े के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कैलाशो देवी
पत्नी स्व0 योगेश कुमार
निवासी 42, वेयर गंज, लोहिया बाजार,
थाना कोतवाली नगर, जिला-मु0नगर

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 6893, दिनांक 08/08/2017 में गलती से नाम खतीजा फातिमा अंकित कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम खदीजा फातिमा (KHADIJA FATIMA) है। उसे भविष्य में इसी नाम से ही जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- मुख्तार मेहंदी
बिडौली, सादात, शामली




# महिला मोर्चा क्रांति सेना/शिवसेना (शिंदे) की बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बुस.)।** मंगलवार को महिला मोर्चा क्रांति सेना/शिवसेना (शिंदे) की पदाधिकारियों की एक बैठक महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के निवास लक्ष्मण विहार पर हुई। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दिन-प्रतिदिन महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, अत्याचार हो रहे हैं, शासन-प्रशासन के द्वारा उन पर रोक नहीं लगाई जा रही है, इसको रोकने के लिए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने एक कमेटी बनाई है और जो समय-समय पर महिलाओं के दु:ख-दर्द की बात करेंगे और उनसे उनकी परेशानी पूछेंगे और उनकी परेशानी को दूर कर करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी तथा जो रेलवे स्टेशन पर अधिकारी हैं, कर्मचारी हैं, वहां पर कुछ बाहर से आने वाली महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, उनका सम्मान नहीं करते उसके लिए भी एक रणनीति बनाई जाएगी और एक ऐसी कमेटी महिलाओं की बनाएंगे, जो समय-समय पर जाकर सब देखेंगे कि किसी के साथ कोई बदतमीजी तो नहीं हो रही है, कोई उनके साथ व्यवहार गलत तो नहीं कर रहा है, अगर कोई ऐसा करेगा, तो महिला मोर्चा क्रांति सेना उसकी कार्रवाई स्वयं ही करेंगी। बैठक में 19 जून को शिवसेना (शिंदे) का स्थापना दिवस है। उस पर भी विचार-विमर्श किया गया। पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस भी मनाया जायेगा। इस अवसर पर आज पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, पूनम राजपूत जिला महामंत्री, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, सविता गौतम जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला सचिव मौजूद रही।

# छात्र-छात्राओं के लिये नि:शुल्क ड्रोन टेक्नोलॉजी वर्कशॉप/इंटर्नशिप का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बुस.)।** स्थानीय जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। कॉलेज के छात्रों द्वारा निर्मित रॉकेट का सफल प्रक्षेपण हाल ही में किया गया था, जिसने संस्थान को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई। अब उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी व इंडोप्लेनेटएक्स स्पेस वॉल्ट एंड रिसर्च प्रा.लि. के संयुक्त सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिये नि:शुल्क ड्रोन टेक्नोलॉजी वर्कशॉप/इंटर्नशिप का शुभारंभ किया गया है। यह वर्कशॉप छात्रों को उन्नत एविएशन तकनीक से परिचित कराने और उन्हें आधुनिक ड्रोन तकनीक में दक्ष बनाने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को ड्रोन की थ्योरी, डिजाइनिंग, असेंबली, कोडिंग, सेंसर एकीकरण और उड़ान परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देना है। विशेष बात यह है कि डिजाइन से लेकर निर्माण तक का संपूर्ण कार्य छात्रों द्वारा स्वयं किया जाएगा, जिससे उनमें नवाचार, तकनीकी आत्मनिर्भरता और समस्या-समाधान क्षमता का विकास होगा। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज का युवा केवल टेक्नोलॉजी का उपभोक्ता नहीं, बल्कि शिक्षा के लिए सहायक होगा। इंडोप्लेनेटएक्स के प्रमुख अंकित कुमार ने बताया कि ड्रोन टेक्नोलॉजी की आज के समय में बहुआयामी उपयोगिता है। यह रक्षा, कृषि, स्मार्ट सिटी, आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण, फोटोग्राफी, और ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला रही है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को किताबों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें प्रयोगशालाओं और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वास्तविक समस्याओं का समाधान सिखाना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को ड्रोन के उभरते हुए व्यावसायिक, औद्योगिक, रक्षा एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्रों में उपयोग की गहन जानकारी भी प्रदान की गई। उसका निर्माता बन सकता है। यदि उसे सही अवसर और मार्गदर्शन मिले। इस नि:शुल्क कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जैस-ड्रोन के प्रकार और उनके उपयोग, ड्रोन असेंबलिंग एवं उड़ान तकनीक, एरोडायनमिक्स और सेंसर तकनीक, ड्रोन के कानूनी और सुरक्षा नियम, रियल टाइम प्रोजेक्ट आधारित इंटर्नशिप, कार्यशाला में अनुभवी प्रशिक्षकों एवं इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जो उनके भविष्य में नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए सहायक होगा।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ईरान-इजराइल जंग और पाकिस्तान

ईरान-इजराइल जंग में पाकिस्तान का भी जिक्र आ रहा है। कनाडा में चल रहे जी 7 समिट में भी ईरान-इजराइल जंग पर चर्चा हुई। कनाडा में भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भी पहुंचे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का वहाँ एक तरफ समर्थन तो दूसरी तरफ विरोध देखने को मिला। प्रधानमन्त्री मोदी की कनाडा यात्रा में ऐसे बहुत से भारतीय भी सड़कों पर निकल आए, जो प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में नारे लगा रहे थे, वेलकम मोदी लिखे बैनर हाथों में लिए हुए थे। कुछ संगठनों ने उनका विरोध किया। यह विरोध-प्रदर्शन प्रधानमन्त्री मोदी की वापसी तक चलते रहने की संभावना जतायी गयी। एक भारतीय और मोदी समर्थक ने कहा भारत एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इस रिश्ते को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर रखना चाहिए। भारतीय समर्थकों का कहना है कि कनाडाई प्रधानमन्त्री मार्क कार्नी ये जानते हैं, तभी उन्होंने खालिस्तानी लॉबी के कड़े विरोध के बावजूद पीएम मोदी को आमंत्रित किया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा के कैलगरी कनानास्किस, अल्बर्टा पहुंचे हैं। यह उनकी दस वर्षों में पहली कनाडा यात्रा है। पीएम मोदी को कनाडाई प्रधानमन्त्री मार्क कार्नी ने अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिससे भारत-कनाडा के तनावपूर्ण कूटनीतिक संबंधों में संभावित पुन:स्थापना की उम्मीद जग रही है। जी-7 सम्मेलन में यह उनकी लगातार छठी उपस्थिति है। उन्हें 2019 से हर बार जी-7 में बुलाया गया है। कनाडा के कानानास्किस में शिखर सम्मेलन के लिए जुटे जी-7 नेताओं ने इजराइल और ईरान के हालात पर भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है, हम, जी-7 के नेता, मध्य-पूर्व में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। जी-7 नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। जी-7 नेताओं की ओर से जारी बयान में ईरान को 'क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का असल स्रोत' कहा गया है। जी-7 नेताओं ने कहा कि हम लगातार कहते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार कभी हासिल नहीं कर सकता है। बयान में कहा गया है, ईरानी संकट के समाधान से मध्य-पूर्व में युद्ध की स्थिति में व्यापक कमी आएगी, जिसमें गजा में युद्धविराम भी शामिल है। जी-7 नेताओं ने ये भी कहा है कि वे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को लेकर सतर्क रहेंगे और बाजार की स्थिरता की रक्षा के लिए अपने भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार रहेंगे। ईरान-इजराइल संघर्ष गहराता जा रहा है। अब इसमें पाकिस्तान का भी जिक्र आने लगा है। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्युशनरी गार्ड कोर के सीनियर जनरल और ईरानी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सदस्य मोहसिन रेजाई का सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो दावा कर रहे थे कि इजराइल अगर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा, तो पाकिस्तान अपने परमाणु हथियार से इजराइल को जवाब देगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मोहसिन ने ये बातें ईरान के सरकारी टीवी को दिए इंटरव्यू में कही थीं। पाकिस्तान, इजराइली हमले की निंदा तो कर रहा है, लेकिन ईरान के लिए परमाणु हथियार के इस्तेमाल की बात उसने सार्वजनिक रूप से नहीं कही। पाकिस्तान की संसद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने जनरल मोहसिन के वीडियो का जवाब दिया। इसहाक डार ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कहा, यह बिल्कुल ही गैर-ज़िम्मेदाराना और झूठी खबर है। अल्लाह ताला ने पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया है और इसे लेकर दुनिया के कई मुल्कों को तकलीफ भी होती है, लेकिन ये शक्ति हमारी अपनी सुरक्षा और स्थिरता के लिए है 9/11 के बाद दोनों फौजें आमने-सामने खड़ी रहीं, भारत को तो मौका चाहिए। अगर हमारे पास ये ताकत न होती, तो पता नहीं उस वक़्त क्या हो जाता। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि हमारी तरफ से ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया है कि हम इसराइल के खिलाफ़ परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगे। 14 जून को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ ने नेशनल असेंबली में इसराइल के खिलाफ मुस्लिम एकता की अपील की थी। ख़्वाजा आसिफ ने कहा था, हम ईरान के साथ खड़े हैं और हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर ईरान के हितों की रक्षा के लिए उसका समर्थन करेंगे। इजराइल ने ईरान, यमन और फलस्तीन को टारगेट किया है। अगर मुस्लिम देश एकजुट नहीं हुए, तो हम सभी को ऐसे हमलों का सामना करना होगा। मैं सभी मुस्लिम देशों से इसराइल से संबंध तोड़ने की अपील करता हूँ। ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन को आपातकालीन सत्र बुलाकर संयुक्त रणनीति तैयार करनी चाहिए। पाकिस्तान के नेता भले ही ईरान को समर्थन देने की बात कर रहे हैं, लेकिन खबर यह भी आई कि पाकिस्तान ने ईरान से लगी अपनी सीमा को बंद कर दिया है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी पाँच ज़िले चागी, वाशुक, पंजगुर, केच और ग्वादर से ईरान और पाकिस्तान के बीच आवाजाही को निलंबित कर दिया गया है। पाकिस्तान भले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ईरान के समर्थन में बोल दे, लेकिन सैन्य मदद करने का फैसला इतना आसान नहीं होगा। साल 2015 में सऊदी अरब के कहने पर भी पाकिस्तान ने यमन में अपनी सेना भेजने से इनकार कर दिया था, जबकि सऊदी अरब की पाकिस्तान से ऐतिहासिक करीबी रही है। इसराइल तो अमेरिका का रणनीतिक पार्टनर है, ऐसे में पाकिस्तान शायद ही अमेरिका के खिलाफ जाना चाहेगा। पाकिस्तान-ईरान पड़ोसी मुल्क हैं और दोनों के बीच 750 किलोमीटर लंबी सरहद है। पाकिस्तान सुन्नी बहुल इस्लामिक देश है और ईरान शिया बहुल। पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। सीमा पर दोनों देश आपस में भिड़ते भी रहते हैं। पाकिस्तान ऐतिहासिक रूप से सऊदी अरब का पार्टनर रहा है। सऊदी अरब और ईरान लंबे समय तक प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। पाकिस्तान का इजराइल से कोई विवाद या संघर्ष नहीं रहा है, तब भी उसने इजराइल को एक राष्ट्र के रूप में स्वीकार नहीं किया है। पाकिस्तान ऐसा अरब के देशों के साथ इस्लामिक एकता दिखाने के लिए करता है। कई लोग इस बात की वकालत करते हैं कि अगर पाकिस्तान इजराइल को मान्यता देता है, तो अमेरिका से उसके संबंध अच्छे हो सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान के आम लोगों की इजराइल विरोधी भावना आए दिनों सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन के रूप में दिखती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'मुद्दत' 'वोट' 'तालियां' 'सुर्खियां'

उनकी बातें क्या करें हम, एक मुद्दत से उन्हें,
वोट भी मिलते रहे और तालियां मिलती रहीं।
हमको जनता ने नकारा, इसका कोई गम नहीं,
हम बयां देते रहे और सुर्खियां मिलती रहीं।




शोक सभा

ॐ शान्ति! ॐ शान्ति!

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्य बुआ जी

मृदुला गोयल जी

दिन शनिवार, 07 जून, 2025 को सांसारिक जीवन-यात्रा सम्पूर्ण कर आराध्य प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गयी हैं।

प्रभु की इच्छा के समक्ष हम नत-मस्तक हैं।

इनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी दिन बुधवार, 18 जून, 2025 को होनी निश्चित हुई है।

श्रद्धांजलि सभा

बुधवार, 18 जून, 2025

ब्रह्मभोज ................................. दोपहर 12:00 बजे

रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि................. अपराह्न 2:00 बजे

कार्यक्रम स्थल:- अर्पण बैंकेट हॉल, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

-: शोकाकुल परिवार:-

डॉ. अभिनव गोयल (भतीजा)
श्रीमती ऋचा गोयल (भतीज- बहू)
अर्णव गोयल

प्रतिष्ठान:
अर्णव ट्रेडर्स, मु.नगर

निज निवास:-
763, साउथ सिविल लाईन, सुमन विहार, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)
मो. 8744005998, 9927275998


# पालिका प्रांगण में स्थित पीर का इतिहास सार्वजनिक करने की उठी मांग

## - ईओ पालिका प्रज्ञा सिंह से मिले शिव सैनिक, सौंपा ज्ञापन







**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** शिवसेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका ईओ से मुलाकात करते हुए पालिका प्रांगण में स्थित कथित पीर की जानकारी साझा किए जाने की मांग की। संगठन के प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा व मंडलाध्यक्ष लोकेश सैनी के नेतृत्व में पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह से मिले शिवसेना नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि नगर पालिका प्रांगण में स्थित कथित पीर की तमाम जानकारी सार्वजनिक किए जाने की मांग की। मंगलवार को शिवसेना के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एसडी मार्केट स्थित शिव मंदिर में एकत्र हुए और वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए नगर पालिका पहुंचे। इस दौरान शिवसेना कार्यकर्ता कब्र (पीर) के अंदर कौन है पीर जिहाद बंद करो जैसे नारे लगाते हुए पालिका में स्थित पीर के पास पहुंचे और प्रदर्शन किया। शिवसेना नेताओं ने कहा कि सर्व विदित है कि नगर पालिका की सरकारी भूमि पर काफी समय से एक पीर बना हुआ है इसके बारे में कई भ्रामक जानकारी हैं, इन्हीं तमाम भ्रामक जानकारियों से भ्रमित होकर बहुत से हिंदू श्रद्धालु पीर को पूजने के लिए भी आते हैं, जबकि पीर की वास्तविक सच्चाई किसी को ज्ञात नहीं है। ऐसे में हम सनातन धर्म के हितों को देखते हुए यह जानकारी चाहते हैं कि इस कब्र का इतिहास क्या है, कब्र किस साधु-संत, पीर या फकीर के नाम पर है और इसके नीचे किस व्यक्ति को दफनाया गया था एवं इस व्यक्ति द्वारा ऐसे क्या महान कार्य किए गए, जो कि इसे आज काफी लोगों पूजते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को सही रास्ता दिखाने का यही एकमात्र तरीका है कि इन पीरों का इतिहास अब सार्वजनिक किया जाए। इस दौरान बिट्टू सिखेड़ा, रेनू चौधरी, सुनीता मलिक ने कहा कि कहीं मेन रोड पर, कहीं पार्कों में, कहीं रेलवे स्टेशन व सरकारी भूमि पर ऐसे कई फर्जी पीर बनाकर जिले में पीर जिहाद कर सरकारी भूमि को कब्जाया जा रहा है, जिन्हें अब सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से गौतम कुमार, नेहा गोयल, शालिनी शर्मा, अर्जुन गोस्वामी, सुमन प्रजापति, अनीता प्रजापति, मालती, छाया, कमलेश, रीना, पारूल, कांता, प्रदीप कोरी, गोपी वर्मा, अंकित बालियान मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों का दूसरे दिन भी पालिका में धरना जारी



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** सफाई कर्मचारी महासंघ के बैनर तले मंगलवार को दूसरे दिन भी जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के नेतृत्व सफाई कर्मियों का धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चमन लाल ने बताया कि मई माह में पालिका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए ईओ और एडीएम प्रशासन को 17 बिन्दुओं पर मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन समस्याओं का निदान करने के बजाए अधिकारियों ने इस मामले में उदासीनता बरती है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भूख हड़ताल व कामबंद से भी कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे। पालिका प्रशासन को सौंपे गए मांग पत्र में संगठन ने जहां सफाई कर्मचारी संघ कार्यकारिणी का चुनाव कराने, कर्मियों की लंबित ठंडी व गर्म वर्दी भुगतान, मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर नियुक्ति, अवकाश व आपात स्थिति में सफाई कार्य कराने पर ओवर टाइम, सफाई नायकों को 2 लीटर पेट्रोल, संविदा कर्मियों को समान कार्य पर समान वेतन व्यवस्था समेत अन्य मांग की थी, लेकिन इसे लेकर प्रशासन ने कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई।ऐसे में समाज हित में धरना शुरू किया गया है। यदि समाधान नहीं हुआ तो भूख हड़ताल के बाद कामबंद हड़ताल का निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से सागर वाल्मीकि, राजेन्द्र कुमार, दिलनवाज, रमेश कुमार, दीपक कुमार, विशाल, वेदपाल, पाल्हे राम, प्रवीण कुमार, सावन, भूषण, कालूराम, अशोक, राहुल आदि अन्य सफाई कर्मचारी व वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।





# श्रम विभाग ने निकाली बाल श्रम उन्मूलन जन जागरूकता रैली

## - डीएम ने बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने में मांगा सभी से सहयोग

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बाल श्रम निषेध सप्ताह के क्रम में मंगलवार को सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह के निर्देशन व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। 82वीं एनसीसी बटालियन के कैडेट द्वारा निकाली गई उक्त जन जागरुकता रैली को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रीना पंवार एवं सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाल श्रम निषेध सप्ताह के प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में निकाली गई रैली शहर के मुख्य मार्ग प्रकाश चौक, शिवचौक, मीनाक्षी चौक व आर्य समाज रोड से होते हुए महावीर चौक पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में संपन्न हुई। रैली को सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस रैली का पवित्र उद्देश्य जनपद मुजफ्फरनगर के अंदर बाल श्रम न होने पाए और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शासन की मंशा के अनुरूप उनका अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि बच्चों का अधिकार सर्वप्रथम शिक्षा पर है, ऐसे में कोई भी सेवायोजक अपने प्रतिष्ठान पर बाल श्रम कराता पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रीना पंवार ने कहा कि बच्चों का संरक्षण एवं बच्चों की उचित शिक्षा बाल श्रम में लिप्त बच्चों के लिए रिहैबिलिटेशन हेतु विभाग एवं बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग कराकर उचित प्रबंध बाल कल्याण समिति द्वारा किया जाता है। वहीं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र के प्रोजेक्ट मैनेजर गजेंद्र सिंह ने जनपद मुजफ्फरनगर को बाल श्रम मुक्त बनाने के साथ बच्चों की शिक्षा एवं उनके जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए विभाग से समन्वय बिठाकर सभी से सहयोग करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले दो वर्षों से जनपद के अंदर बाल श्रम एवं अन्य मुद्दों पर कार्य कर रही है। रैली को सफल बनाने में श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह, विंध्याचल शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वालंटियर धनीराम व गौरव मलिक, संस्था से अमित, जोमन राय, राहुल संदीप एवं श्रम विभाग से समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आभूषणों से नहीं वीतरागता से आती है सुन्दरता: आचार्य श्री

## - आचार्य सागर जी महाराज का वहलना मंदिर में भव्य स्वागत





**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** भारतीय वसुन्धरा सदा से निर्ग्रन्थ दिगम्बर वीतरागी श्रमणों की पवित्र पद रज से पावन होती रही है। वर्तमान संत परम्परा के परम प्रवाहक 'जीवन है पानी की बूँद महाकाव्य के मूल रचनाकार 'जिनागम पंथ जयवंत हो पवित्र नारे से जैन एकता का शंखनाद करने वाले पूज्य जिनागम पंथ प्रवर्तक महाकवि संत शिरोमणि भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी मुनिराज अपने विशाल चतुर्विध संघ (33 पीछी) के साथ पद विहार करते हुए मुजफ्फरनगर में अतिशय क्षेत्र वहलना पहुँचे। अतिशय क्षेत्र वहलना परिसर में संपूर्ण जैन समाज ने आचार्य संघ का हर्षोत्साह पूर्वक अतिशय क्षेत्र पर प्रवेश कराया। आचार्य श्री ने सर्वप्रथम क्षेत्र के मूलनायक श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के संघ सहित दर्शन प्राप्त करने के साथ ही भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के अभिषेक शांतिधारा के पश्चात धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिनवर जैसा रूप नहीं, साधु समा स्वरूप नहीं। राग-द्वेष निन्दा चुगली, जैसा रूप कुरूप नहीं। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में अनेक अच्छाई और बुराईयों को देखता है। अब यह आप पर निर्भर है कि आप क्या-क्या देखना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि आपकी दृष्टि ही निर्णय करेगी कि आप बुराईयों के संग्रहालय हैं या अच्छाईयों के। इस दौरान विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि आप सुंदर हो या भगवान पार्श्वनाथ स्वामी सुंदर हैं? आप तो अपने शरीर का हर पल साज-श्रंगार करते रहते हैं, तेल-फुलेल इत्र आदि से सुगंधित करते रहते हो, वस्त्र-आभूषणों से सदैव अपने को सुंदर दिखाने का प्रयास करते रहते हो, फिर भी सच सच बताना आप सुंदर है या भगवान? आप सबका एक ही जवाब आ रहा है कि भगवान सबसे अधिक सुंदर है। उन्होंने कहा कि संसारी जीवों में राग-द्वेष, काम-क्रोध, लोभ-मोह और आसक्ति आदि दुर्गुण सदा हरे भरे बने रहते हैं। इसलिए साज-श्रंगार करते हुए भी आप सुंदर नहीं बन सकते, जबकि जिनेन्द्र भगवान ने राग-द्वेष-क्रोध-लोभ आदि 18 दोषों का नाश कर दिया है, जिनेन्द्र भगवान की सुन्दरता वीतरागता की सुंदरता है जो कभी फीकी नहीं पड़ती। इससे पूर्व अतिशय क्षेत्र वहलना में भगवान के सम्मुख चित्र अनावरण प्रदीप जैन कवाल वाले व अभय जैन, शुभम जैन आदि ने किया। दीप प्रज्वलन प्रवीण जैन हुंडई वाले, मुकेश जैन व अमित जैन बडौत वालों द्वारा किया गया। महाराज श्री के पाद प्रक्षालन राजीव जैन (गर्ग डुपलैक्स रेनबो विहार) द्वारा हुआ। वहीं गुरू पूजा नीरज जैन ने की। महाआरती अजय जैन, दीपक जैन ने की। इस दौरान वहलना मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन (गर्ग डुपलैक्स), महामंत्री संजय जैन (पारस टी.एम.टी.) व कोषाध्यक्ष मनोज जैन एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# मंत्री कपिल देव ने अस्पताल में किया शिविर का शुभारंभ

## - 73 यूनिट रक्तदान करके सर्व ब्राह्मण महासभा ने मनाया स्थापना दिवस





**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण भारत की जिला इकाई ने 12वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सपा व सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया आदि ने इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। साथ ही ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी रक्तदाताओं की हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि मानव कल्याण के लिए रक्तदान अत्यंत जरुरी है और सभी को ऐसे में रक्तदान करते रहना चाहिए। कार्यक्रम संचालन जिलाध्यक्ष हरीश गौतम व युवा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रभारी अमित वत्स, प्रदेश संगठन मंत्री अंजू शर्मा ने रक्तदान किये जाने पर सभी की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। रक्तदान शिविर में 73 यूनिट का रक्तदान किया गया। इस दौरान ब्रह्मप्रकाश शर्मा, उमादत्त शर्मा ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापारी नेता संजय मिश्रा, लक्ष्मण शर्मा, अविनाश भारद्वाज, हिमांशु शर्मा, अभिनव मुद्गल, पूनम शर्मा, कमलकांत शर्मा, अमित शास्त्री, सत्यपाल पाल, नंदकिशोर पाल, प्रवीण गौतम, देव शर्मा, विक्रांत पंडित, नितिन शर्मा, प्रशांत शर्मा, कन्हैया शर्मा, आशीष शर्मा, विशाल शर्मा, डॉ. अनिमेष भारद्वाज आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल से डॉ. पीके त्यागी, डॉ. मुदित, धर्मेन्द्र, अशरफ हुसैन, शमशेर, सोनू आदि का विशेष सहयोग रहा।

# रतनपुरी पुलिस महिला को कर रही है परेशान

**बुढ़ाना, 17 जून (बु.)।** पूर्व पति से साझ खाकर रतनपुरी पुलिस पर बिना वजह ही एक महिला को परेशान करने का आरोप लगा है। अब थक-हारकर पीड़ित महिला ने बुढ़ाना सीओ से न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव नंगला रियावली निवासी अफसाना पुत्री अनवार पत्नी जफरयाब ने मंगलवार के दिन बुढ़ाना सीओ के कार्यालय पर एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी रिजवान पुत्र आबिद निवासी नंगला रियावली के साथ हुई थी, जो कि नशेड़ी था तथा शराब और भांग का भी नशा करता था। वह आये दिन उसके साथ नशे में मारपीट करता था और न ही खर्च देता है। उसके पहले पति ने उसको करीब एक वर्ष पहले तलाक दे दिया था। अब उसने जफरयाब के साथ शादी कर ली है, लेकिन उसके पूर्व पति ने थाने में एक झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी है, जिसके आधार पर रतनपुरी पुलिस उसको और उसके दूसरे पति को परेशान कर रही है। अब पीड़िता महिला ने सीओ बुढ़ाना से रतनपुरी पुलिस को हिदायत दिए जाने और झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले पूर्व पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।


REQUIRED

INDRAPRASTHA PUBLIC SCHOOL

Morna (Muzaffarnagar)

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi 10+2)

- PGT: Maths, Accountancy, B.St.
- TGT: English, S.St., Maths
- PRT: All Subjects • PTI: One Female
- Kindergarten (NTT) Mother Teacher
- Receptionist One (Female) • Librarian One
- Academic Coordinator One

Teachers should be fully qualified & experienced. Send your Resume through Email at: ipsmorna1999@rediffmail.com or WhatsApp at 7351728770. Attend interview on 26/06/2025 (Thursday ) from 4:00 P.M. onwards.

Address: 910/1, South Civil Line, Behind N.C.C. Office, Jat Colony, Muzaffarnagar

Contact : 9897727554,7055511577


# मां और दो बेटों को सांप ने डसा...मासूमों की दर्दनाक मौत, परिजन समझते रहे नींद में हैं बच्चे



**आगरा, 17 जून (एजेंसी)।** आगरा के खेरागढ़ के गांव मठ भवनई में छत पर सो रही एक महिला और उसके दो बच्चों को सर्प ने काट लिया। सर्प के काटने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। वहीं महिला की उपचार के बाद हालत में सुधार है। बच्चों को सर्प द्वारा काटे जाने की भनक नहीं लगने पर समय से उपचार नहीं मिलने के बाद बचाया नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार जगनेर थाना क्षेत्र के गांव मठ भवनई में बीती रात को विमलेश पत्नी मानपाल गोस्वामी मकान की छत पर अपने दो बेटों रामू (5) और कान्हा (8) के साथ सोई हुई थी। मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे महिला और दोनों बच्चों को सांप ने काट लिया। महिला ने सांप के काटे जाने का आभास होने पर परिजनों को जानकारी दी। परिजन महिला को जगनेर सीएचसी ले गए, जहां से उसे निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। महिला को उपचार के लिए भर्ती करा दिया। इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार है। इसी दौरान बच्चे देर तक नहीं जागे तो परिजनों को अटपटा लगा। परिजनों ने छत पर पहुंचकर बच्चों को जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नींद से नहीं जागे। परिजन राजकुमार और राहुल गोस्वामी ने बताया कि बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मां और बच्चों को काटने वाले सर्प को सपेरों की मदद से परिवार के लोगों द्वारा आसपास ढूंढ़ लिया गया। जानकारों ने बताया कि सर्प के काटते ही महिला की नींद नहीं खुलती, तो उसकी मौत भी हो सकती थी। बच्चों के मामले में किसी को उनके काटने की भनक नहीं लगी। बच्चे रोजाना देर तक सोते थे। इसलिए किसी को शक नहीं हुआ।





# एमडीए का गरजा महाबली, 5 बीघा अवैध निर्माण ध्वस्त

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र जोन-4, थाना कोतवाली क्षेत्र में मंडलायुक्त की प्रेरणा एवं एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशों पर बिना अनुमति किए जा रहे निर्माणों पर बुल्डोजर के माध्यम से अफसरों ने कानून का पाठ पढ़ाया। टीम ने इस बीच क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध भू-स्वामी/प्लॉटिंगकर्ता राजकुमार व अनिल कुमार द्वारा स्थल-खसरा 445, बान नगर चरथावल रोड में करीब 05 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। मंगलवार को एमडीए टीम की ओर से की गई उक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान एमडीए अधिकारियों द्वारा विकास क्षेत्र जोन-4 कोतवाली क्षेत्र में उक्त 01 स्थल पर लगभग 05 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही उक्त अवैध कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान एमडीए के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं प्राधिकरण टीम के साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।

# प्लाट को कब्जाने के प्रयास का आरोप

**जानसठ, 17 जून (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी शमीम पुत्र मकसूद ने सीओ कार्यालय में शिकायती-पत्र सौंपते हुए बताया कि उसने एक प्लॉट बिजनौर रोड पर गांव बलीपुरा के निकट बैनामे से खरीदा है। पीड़ित अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने प्लॉट पर चारदीवारी निर्माण का कार्य करा रहा था, इसी बीच मीरापुर के रहने वाले आधा दर्जन लोग जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और उसकी चारदीवारी निर्माण कार्य को गिराने की कोशिश करने लगे, जब उसने विरोध किया, तो इन लोगों ने अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौच की, जिसकी शिकायत पीड़ित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी की है। पीड़ित शमीम का आरोप है कि ये लोग उसके प्लॉट को अवैध रूप से कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित शमीम ने अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा भी बताया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और सीओ से न्याय की गुहार लगाई है।

## 30 वर्ष पूर्व गैंगस्टर एक्ट मामले में आरोपी सबूत के अभाव मे बरी

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** थाना भोपा पुलिस ने गत 13 सितंबर 1995 में एक गैंग चार्ट के आधार पर ओमवीर व इकबाल के विरूद्ध गैंगस्टर का मामला दर्ज किया था। जिसके चलते सुनवाई के चलते आरोपी ओमवीर की मौत हो गई, जबकि इकबाल पुत्र बनारसी के विरुद्ध सुनवाई विशेष अदालत गैंगस्टर कोर्ट मे चली। विशेष अदालत गैंगस्टर कोर्ट के पीठासीन अधिकारी काशिफ शेख ने आरोपी इकबाल को सबूत के अभाव में बरी कर दिया। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपनी कहानी साबित करने में विफल हो गया है। बचाव पक्ष की और से वरिष्ठ अधिवक्ता छवि रानी तोमर ने पैरवी करते हुए बताया कि पुलिस ने जिस गैंग चार्ट के आधार पर मामला दर्ज किया था। उनमें तीन मामलों में आरोपी बरी किया जा चुका है, जबकि एक मामले में अपील हाई कोर्ट में लंबित है।

## प्रेमी युगल ने की सुरक्षा की मांग

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामपुरी निवासी पुष्पा ने 13 जून को गाजियाबाद के रहने वाले अमन के साथ आर्य समाज मंदिर में परम्परा के अनुसार प्रेम-विवाह कर लिया था। वर्तमान में वह अपने पति के साथ गाजियाबाद में ही रह रही है। प्रेमी युगल ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की। पुष्पा का कहना कि वह बालिग है और उसने अपनी मर्जी से शादी की है, लेकिन उसके परिवार के लोग शादी से नाराज हैं और दोनों को धमकी दी जा रही है। पुलिस ने प्रेमी युगल को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेंगे... अखिलेश

**लखनऊ, 17 जून (एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश ने ऐलान किया कि वह इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।



इससे पहले यूपी दौरे पर आए कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने भी कहा था कि कांग्रेस गठबंधन सहयोगी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी। उनके इस बयान से गठबंधन में एकजुटता का संदेश गया है। साथ ही, यह आने वाले चुनावी समीकरणों को लेकर भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। अखिलेश यादव ने कानपुर के सीएमओ के तबादले को लेकर योगी सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवा के नाम पर कोयले का घोल पिलाया जा रहा है और गलत इंजेक्शन से मौतें हो रही हैं। सपा मुखिया ने बुनकरों की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बुनकरों को आधुनिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को बुनकरों की समस्याओं की समझ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी बुनकरों की समस्याओं का समाधान करेगी।

## लंदन के लिए एयर इंडिया की उड़ान तकनीकी खराबी के कारण रद्द

**अहमदाबाद, 17 जून (वार्ता)** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की उड़ान एआई-159 को तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर से उड़ान संख्या एआई-159 मंगलवार को दोपहर 13:10 बजे रवाना होने वाली थी, लेकिन उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खामी सामने आने के बाद इसे रद्द करने का फैसला लिया गया। यात्रियों ने बताया कि उन्हें एयरलाइन की ओर से बताया गया है कि यह उड़ान बुधवार सुबह 11.00 बजे लंदन के लिए रवाना होगी। गत 12 जून को इसी मार्ग पर जाने वाले एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 एक भीषण हादसे का शिकार हुई थी। इस दर्दनाक हादसे में 279 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 241 यात्री शामिल थे। उड़ान रद्द होने की खबर से सरदार पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद यात्रियों में असमंजस और नाराजगी छा गयी।

## ईरान सेना प्रमुख शादमानी मारा गया : इजरायल

**यरूशलम, 17 जून (वार्ता)** इजरायली सेना ने मंगलवार को दावा किया कि ईरान के एक कमांड सेंटर पर देर रात में इजरायल की ओर से किये गये हमले में उसके युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ एवं इस्लामिक रिपब्लिक के सबसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों में से एक अली शादमानी मारा गया। इजरायली सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया,'' इजरायली वायु सेना ने 'सटीक खुफिया जानकारी' और 'अचानक मिले अवसर'के बाद यह हमला किया।''

## बम की सूचना के बाद इंडिगो के विमान की नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग

**कोच्चि, 17 जून (वार्ता)** कोच्चि से ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचने के वाद दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी के बाद मंगलवार को नागापुर में आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी। यह विमान मस्कट से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा था और वहां से सुबह 9.31 बजे दिल्ली के लिए घरेलू उड़ान के रूप में रवाना हुआ था। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल आईडी पर इंडिगो की उड़ान में बम की धमकी मिली थी। इसके बाद एयरपोर्ट पुलिस कंट्रोल ब्यूरो (बीएपीसी) को बुलाया गया और धमकी को विशिष्ट घोषित किया गया। सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद नागपुर हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करायी गयी।

# मौसम की जनपद में दस्तक से खिले लोगों के चेहरे



**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ बदलते मौसम के बीच उत्तर प्रदेश में आज से मानसून ने दस्तक दे दी है। ऐसे हालातों के बीच सोमवार को राज्य के कुछ इलाकों में तेज तो कुछ इलाकों में हल्की बारिश के बाद मंगलवार को जनपद समेत वेस्ट यूपी में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी यूपी के ज्यादातर जिलों में बारिश का यह दौर बुधवार से कई स्थानों पर भारी बारिश का चल सकता है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में जारी मौसम विभाग के अनुसार, मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है। मौसम में जारी इस बदलाव के बीच प्रदेश के कई जनपदों में सोमवार के बाद मंगलवार को भी भारी से हल्की बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तराई क्षेत्र में सोमवार को अच्छी बारिश होने के साथ पूर्वांचल में भी ठीक ठाक बारिश हुई। इससे प्रदेश के करीब सभी जिलों में तापमान सामान्य से नीचे आ गया और उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली।

मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में औसतन 2-4 डिग्री की गिरावट रही, जो अगले तीन से चार दिन में 3-7 डिग्री तक हो सकती है। प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी में बारिश 40 से 50 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने का क्रम बुधवार को भी जारी रहेगा। इस बीच गरज-चमक के साथ वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने 18 और 19 जून को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वेस्ट यूपी में बारिश ने धान और गन्ना बुआई का इंतजार कर रहे तमाम किसानों को राहत मिलने की संभावना जताई है। मंगलवार को सायं को जनपद में रिमझिम बारिश होने से राहत की उम्मीद जगी है जो आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ किसानों के लिए लाभकारी होगी। मौसम विभाग ने मंगलवार को जारी किए तापमान के आंकड़ों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के साथ आर्द्रता 53 से 64 प्रतिशत होने का दावा किया है। हालांकि मंगलवार सायं को धूल भरी आंधी के बीच हल्की बारिश से बड़ा बदलाव तो देखने में नहीं आया, लेकिन आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव की उम्मीदों के बीच लोगों के चेहरों पर विजयी मुस्कान दिखाई देने लगी है।

# ओवरलोड वाहनों पर चला प्रशासन का चाबुक, एक दर्जन वाहन सीज

## पुलिस खनन और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से मचा हड़कंप

**भोपा, 17 जून (बु.)।** उत्तराखंड से आ रहे खनन के ओवरलोड ट्रकों के कारण बढ़ते हादसों के बाद सबक लेते हुए मंगलवार की अलसुबह भोपा एवं ककरौली पुलिस, खनन विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से हड़कंप मच गया। तीनों विभागों की संयुक्त कार्यवाही में लगभग एक दर्जन खनन के ओवरलोड ट्रक और एक कार सीज की गई है।

क्षेत्र में मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के कारण लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, वहीं राजस्व विभाग को रोजाना लाखों का चूना लगाया जा रहा है। बढ़ते हादसों के कारण क्षेत्रवासी लगातार ओवरलोड वाहनों के आगमन पर रोक लगाने की मांग करते आ रहे हैं। कांवड़ मार्ग जहां भारी वाहनों के संचालन पर पूरी तरह रोक है, वहीं उत्तराखंड से बालू और रोड़ी के ओवरलोड वाहन कांवड़ मार्ग पर खुलेआम दौड़ रहे हैं, जिनके कारण छोटे वाहनों का कांवड़ मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। पुलिस की तैनाती के बावजूद भी ओवरलोड वाहन सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं और लगातार हादसों को अंजाम दे रहे हैं। आलम यह है कि दिन छिपते ही जिले के



मार्गो पर खनन माफिया सक्रिय जाते हैं और चोरी छिपे ओवरलोड खनन माफिया राजस्व विभाग को रोजाना लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। मामले में संज्ञान लेते हुए भोपा और ककरौली पुलिस के साथ खनन विभाग और परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक भोपा ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग खनन अधिकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई थी। मंगलवार की सुबह टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए भोपा थाना क्षेत्र में बालू और रोडी से भरे पांच ट्रक सीज किए गए हैं, वहीं ककरोली पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन ओवरलोड वाहन और रास्ता बताने के लिए आगे आगे चल रही एक वैगन आर कार को सीज किया गया है। मामले को लेकर खनन माफिया में हड़कंप मच गया है।

### *खनन पर कड़ा प्रहार वाहनों पर लगा 8 लाख 6 हजार का जुर्माना*

*__भोपा/मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।__ डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों पर थाना भोपा एवं थाना ककरोली में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दौरान कार्यवाही के अंतर्गत थाना भोपा में पांच खनन के वाहनों तथा ककरौली थाने में चार खनन के वाहनों के साथ एक अन्य वाहन भी ओवरलोड में सीज किए गए, जिसके अंतर्गत दो वाहनों की परमिट भी समाप्त मिले, इन सभी वाहनों पर 8 लाख 6 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया एवं भविष्य में इन वाहनों पर कार्रवाई की जाती रहेगी। साथ ही साथ खनन विभाग द्वारा भी इन वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया है।*

# अब जल्द दूर होगी पालिका के 18 वार्डों में बदहाली

### पालिका प्रशासन ने शासन से मांगा विशेष बजट ▸ नगर सृजन योजना में शासन को भेजा 42 करोड़ का प्रस्ताव

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** शहर के नव विस्तारित क्षेत्रों में अब बुनियादी विकास के दायरे को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में नगरपालिका परिषद् द्वारा शासन से 42 करोड़ रुपये का विशेष बजट मांगा गया है। इसके लिए पालिका ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जरुरत को देखकर एस्टीमेट तैयार करने के बाद प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। यह पैसा जारी हुआ तो नगर पालिका क्षेत्र में विकास की चकाचौंध दिखाई देगी और लंबे समय से बदहाल दिखाई देने वाले नव विस्तारित क्षेत्रों में लोगों को राहत मिलेगी।

नगरपालिका परिषद् में 2023 में सीमा विस्तार के बाद शामिल हुए 15 गांवों के नव विस्तारित क्षेत्र वाले 18 वार्डों में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिए शासन को सड़क, नाली व नाला निर्माण कार्यों के लिए पालिका प्रशासन ने एस्टीमेट बनाकर प्रस्ताव भेजा है। इसके लिए शासन ने पूर्व में नगरीय निकायों से आगामी योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए नव विस्तारित क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव मांगे थे। पालिका के अन्तर्गत सीमा विस्तार के बाद 55 वार्ड शामिल हैं, इनमें से 18 वार्ड ऐसे हैं, जो नव विस्तारित क्षेत्र वाले हैं और वहां बुनियादी सुविधा विकसित करने के लिए पालिका प्रशासन अपने संसाधनों समेत भरपूर प्रयासों में जुटा है। सीमा विस्तार के साथ



नव विस्तारित नगर क्षेत्रों के चहुमुंखी विकास के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शुरू की गई थी, इसमें निकायों को शामिल हुए नये क्षेत्र में पथ प्रकाश, सड़क, जल निकासी, सफाई, पेयजलापूर्ति आदि बुनियादी सुविधा विकसित करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में विशेष बजट जारी किया जा रहा है। इसमें अब प्रदेश के नगर विकास विभाग ने गेप एनालिसिस के लिए निकायों से प्रस्ताव मांगे हैं।

### इन्होंने कहा-



**पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शासन द्वारा किए जा रहे गेप एनालिसिस का उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जहां पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे नवविस्तारित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए पूर्व में नव विस्तारित क्षेत्र का सर्वे कराकर करीब 78 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजा था, लेकिन इसे शासन द्वारा निरस्त कर नये दिशा निर्देश जारी किये हैं। इसी क्रम में निर्माण विभाग के दोनों अवर अभियंताओं कपिल कुमार व राजीव सोनकर ने नव विस्तारित क्षेत्र वाले 18 वार्डों में सड़क, नाली और नाला निर्माण के लिए नया सर्वे कराकर एस्टीमेट बनाकर नगर सृजन योजना के लिए शासन को भेजा गया है। कुल 42 करोड़ रुपये के बजट की मांग गई है। जिसमें 34 करोड़ की सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए तथा 8 करोड़ रुपये नाला निर्माण कार्य के लिए मांगा गया है। ईओ ने बताया कि पालिका को नगर सृजन योजना में दो वित्तीय वर्ष में करीब 9 करोड़ रुपये का बजट मिला है, जिसमें नव विस्तारित क्षेत्रों में ओपन जिम और अन्य विकास कार्य कराये जा चुके हैं, कुछ कार्य पथ प्रकाश के लिए होने शेष हैं। ईओ ने बताया कि शहर के नवविस्तारित क्षेत्र वाले वार्डों में वार्ड संख्या 01, 02, 03, 04, 05, 08, 15, 17, 19, 21, 22, 28, 29, 30, 31, 35, 38 और 44 आदि शामिल हैं।**

# सरेराह हुड़दंग मचा रहे पांचों युवकों का पुलिस ने किया चालान

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** नगर के अधिकतर युवाओं पर इन दिनों सड़कों पर चलते समय बेल्ट बाजी करने, अश्लील वीडियो बनाने और वाहनों में तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर हुड़दंग मचाने का खुमार चढ़ा हुआ है। इसी क्रम में नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ बाइपास पर कार सवार युवकों ने सोमवार रात तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर

### हुड़दंगियों की दोनों कार को भी किया सीज

जमकर हुड़दंग मचाया। राहगीरों ने इस हुड़दंगबाजी की सूचना पुलिस को दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर आयी पुलिस ने गाने बंद कराने का प्रयास किया, तो कार सवार युवकों ने पुलिसकर्मियों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ अभद्रता कर दी। पुलिस हुड़दंग मचा रहे पांचों युवकों को पकड़कर थाने पर ले आयी और शांतिभंग की आशंका में चालान करते हुए दोनों कारों को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार जानसठ-बाइपास पर सोमवार रात को शराब के नशे में धुत्त कुछ युवकों ने अपनी कारों में लगे म्यूजिक सिस्टम को तेज आवाज में बजाकर हाइवे पर नाचना-कूदना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उक्त युवकों ने वहां से गुजर रहे राहगीरों से अभद्रता करनी शुरू कर दी। इसी बीच उक्त युवकों के हुड़दंग से पीड़ित लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सरेराह हंगामा कर रहे युवकों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने शराब के नशे में होने के कारण पुलिसकर्मियों से ही अभद्रता कर दी। बाद में पुलिस सख्ती दिखाते हुए पांचों आरोपियों गौरव निवासी मोरना, शिवी निवासी अवध विहार मीनाक्षी पुरम, सूर्या निवासी दौराला, अजय निवासी किरठल, थाना रमाला और गौरव निवासी पुरबालियान को हिरासत में लेकर थाने पर आ गयी। पुलिस ने दोनों कारों को भी सीज करते हुए पांचों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक का हाथ कटा

**मीरापुर, 17 जून (बु.)।** कस्बे में मौहल्ला पछाला निवासी आनंद पुत्र केशू कुमार किराए पर कार चलाने का कार्य करता है। एक दिन पहले वह कार किराए पर लेकर हरिद्वार गया था। हरिद्वार में सड़क दुर्घटना में युवक का एक हाथ कट गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था। सूचना पर परिजन भी हरिद्वार अस्पताल पहुंच गए हैं।

## कोतवाली पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर




सत्यनाराण सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष उमेश रोरिया के नेतृत्व में वारन्टी एंव शातिर अभियुक्त गण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम के द्वारा वारण्टी अभियुक्त शाहरूख पुत्र तसव्वर निवासी गली नं० 18 रामपुरी थाना कोतवाली नगर से सम्बन्धित वाद संख्या 283/9/16 मुकदमा अपराध संख्या 685/16 धारा 60 आबकारी अधिनियम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अभियुक्त के घर रामपुरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटी का नाम शाहरुख पुत्र तसव्वर निवासी रामपुरी है जिसको उपनिरीक्षक मोहित चौधरी, कांस्टेबन दीपक कुमार, प्रिन्स कुमार की अहम भूमिका रही।

# उत्तर प्रदेश में 504 ग्राम पंचायतें घटीं, अप्रैल 2026 में होंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ 17 जून 2025 (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों की संख्या में 504 की कमी दर्ज की गई है । अब राज्य में केवल 57,695 ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव होंगे । पंचायती राज विभाग ने आंशिक पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत ग्राम पंचायतों की संख्या में अब कोई बदलाव नहीं होगा । विभाग ने अप्रैल 2026 में पंचायत चुनाव कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं ।

पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधानों के साथ-साथ 826 ब्लॉक प्रमुख और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष भी चुने जाएंगे । पंचायती राज निदेशालय के अनुसार, वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में 58,199 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ था । इस बार शहरी सीमाओं के विस्तार के कारण कई ग्राम पंचायतें शहरों में शामिल हो गईं, जिससे उनकी संख्या में कमी आई है । लगभग 36 जिलों में ग्राम पंचायतों की संख्या घटी है । सबसे अधिक कमी देवरिया में 64, आजमगढ़ में 47, प्रतापगढ़ में 45, अमरोहा और गोरखपुर में 21-21, गाजियाबाद में 19, फतेहपुर में 18, अलीगढ़ में 16 और फरुर्खाबाद में 14 ग्राम पंचायतों में दर्ज की गई है । अन्य जिलों में भी विभिन्न स्तरों पर कमी देखी गई है । पंचायती राज विभाग ने चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है, ताकि निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके । यह सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने ग्राम पंचायतों की अंतिम संख्या को निश्चित कर लिया है । इन तैयारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलने की उम्मीद है ।

# प्रेमी जोड़े को चलती बाइक पर रोमांस पड़ा महंगा, कटा 53,500 रुपए का चालान

**नोएडा, 17 जून (वार्ता)** प्रेमी जोड़े आजकल मान-मयार्दा को ताक पर रखकर सड़क पर रोमांस करते नजर आ रहे हैं। भले ही ये जोड़े सोचते हैं कि घर-परिवार से दूर रहकर यह सबकी आंखों में धूल झोंक देंगे, यह इनकी भूल है। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे सबसे व्यस्ततम एक्सप्रेस वे में से एक है। यहां पर प्रेमी जोड़ा बाइक पर अंतरमन तक एक-दूसरे में खोकर सफर कर रहे था, तभी पीछे से आ रही एक कार में बैठे लोगों ने इस जोड़े की वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफतौर पर दिखाई दे रहा है कि एक युवक बाइक चला रहा है जबकि युवती उसके आगे की तरफ से यानी गोद में बैठकर उसे गले लगाए हुए है। इन दोनों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ और इस पूरे समय तेज रफ्तार में बाइक दौड़ती नजर आ रही है। यह वीडियो एक्सप्रेसवे जैसी तेज रफ्तार सड़क पर सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की पोल खोल रहा है। खुलेआम इस तरह की हरकत और चलती बाइक पर रोमांस करना के आम लोगों की जान पर खतरा साबित हो सकता है, साथ ही यह कानूनन अपराध भी है। सोशल मीडिया पर जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ तो ग्रेटर नोएडा ट्रैफिक पुलिस हरकत में आई और उसने ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए बाइक चालक का कुल 53,500 रुपए का चालान काट दिया और बाइक सवार युवक-युवती की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि वायरल वीडियो में बाइक का नंबर साफतौर पर पढ़ा जा रहा है। इस वीडियो को देखकर लोगों का कहना है कि बाइक सवार कपल ने अश्लीलता का सड़क पर भद्दा प्रदर्शन किया है, जो सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा है। यातायात पुलिस द्वारा बाइक चालक के खिलाफ कई धाराओं में चालान जारी किया गया है, जिसमें हेलमेट न पहनना, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना, यातायात नियमों की अनदेखी और सार्वजनिक स्थान पर अनुशासनहीनता शामिल हैं। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार ई-चालान की कार्यवाही की गई है। 53500 रुपए का चालान चर्चा का विषय बना हुआ है। नोएडा पुलिस ने जनता से भी अपील की है कि इस तरह की हरकतों को प्रोत्साहन न दे और यदि किसी को इस प्रकार के वीडियो या घटनाएं दिखें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो सके और आगे कोई भी शख्स ट्रैफिक नियमों को तोड़ने से डरे।

## रसूलपुर में दो पक्षों में पथराव के मामले में चार गिरफ्तार

**मीरापुर, 17 जून (बु.)।** गाँव रसूलपुर में पांच दिन पूर्व झोझा व रांघड़ बिरादरी के लोगों में हुई मारपीट व पथराव के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गांव से गिरफ्तार कर लिया। मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर में रांघड़ बिरादरी के मनव्वर व झोझा बिरादरी के शाहिद पक्ष के बीच कहासुनी के बाद बीती 13 जून को आपस में मारपीट व पथराव हो गया था। उक्त मामले में एसआई वीरेंद्र सिंह ने 5 महिलाओं समेत 16 नामजद करते हुए 16 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने नामजद वसीम पुत्र वकील, रिजवान पुत्र शकील, जीशान पुत्र जमील व शाकिब पुत्र इश्त्याक को गांव से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त मामले में चार महिलाओं समेत पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि गांव रसूलपुर में दोनों बिरादरी के बीच रंजिश चली आ रही है, जिसके चलते पूर्व में आपस में कहासुनी व मारपीट तथा फायरिंग जैसी घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस ने इस बार अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने जैसा काम किया है।

### चार का शांतिभंग में चालान

**मीरापुर, 17 जून (बु.)।** इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला कोटला निवासी रौनक व संजय आपस में झगड़ रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। उधर गांव भूम्मा निवासी अमित व सुमित में सोमवार को पारिवारिक मतभेद हो गया था। सूचना के बाद पुलिस ने उक्त चारों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में शामिल हुए डीएम उमेश मिश्रा

### प्रदेश के टॉप टेन सूची में डीएम का नाम दसवें पायदान पर

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश के शीर्ष 10 जिलाधिकारियों की सूची उत्तर प्रदेश शासन स्तर से जारी की गई है, जिनमें जनपद मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को भी शामिल किया गया है। शासन स्तर से जारी की गई रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ राजस्व सुधार और समग्र विकास जैसे मानकों पर तैयार की गई है। सूची में शामिल जिलाधिकारी प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्य शैली, पारदर्शिता और जनसेवा के लिए राज्य स्तर पर मिसाल बने हैं। उत्तर प्रदेश शासन स्तर से जारी अधिकारियों की उक्त सूची में प्रदेश के महराजगंज के डीएम संतोष कुमार शर्मा, जालौन के डीएम राजेश कुमार पांडेय, लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, बरेली के डीएम अविनाश सिंह, शाहजहांपुर के डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, श्रावस्ती के डीएम अजय कुमार द्विवेदी, कुशीनगर के डीएम महेंद्र सिंह तंवर, ललितपुर के डीएम अक्षय त्रिपाठी, हरदोई के डीएम अनुनय झा और मुजफ्फरनगर जनपद के डीएम उमेश कुमार मिश्रा का नाम शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इन चयनित आलाधिकारियों की कार्यशैली को प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बताया गया है। प्रदेश की टॉप टेन सूची में शामिल जनपद मुजफ्फरनगर के डीएम उमेश मिश्रा की उपलब्धियों में जन सुनवाई में तत्परता, कानून-व्यवस्था में सुधार और विकास कार्यों की सक्रिय मॉनिटरिंग को प्रमुख रूप से सराहा गया है। बता दें, शासन स्तर से जारी यह रैंकिंग न केवल इन आलाधिकारियों के उत्कृष्ट प्रशासनिक कौशल को ही उजागर करती है, अपितु उत्तर प्रदेश में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की यूपी शासन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।



## हाईकोर्ट के आदेश पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने जमा किए 6 लाख, बिजली विभाग ने लगाया था 1.91 करोड़ का जुर्माना

**संभल, 17 जून (वार्ता)** यूपी के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बिजली चोरी मामले में मंगलवार को छह लाख रुपये जमा कराए हैं। सांसद के अधिवक्ता ने न्यायालय के आदेश के बाद 6 लाख रुपये का ड्राफ्ट बिजली विभाग के दफ्तर में जमा कराया है। अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बिजली चोरी मामले में 3 जून को कोर्ट ने आदेश दिया था कि छह लाख रुपये जमा कराया जाए। उसी के तहत सांसद के अधिवक्ता ने बिजली दफ्तर पहुंचकर 6 लाख रुपये जमा कराए। दरअसल, विभाग ने बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। इसी अभियान के दौरान पिछले साल 19 दिसंबर को विभागीय अधिकारियों ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर बिजली चोरी का मामला पकड़ा था। विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए सांसद पर 1.91 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। हालांकि, बिजली विभाग की ओर से कोई राहत नहीं मिलने पर सांसद की ओर से उनके अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में वाद दायर किया था। इस मामले में न्यायालय ने उन्हें छह लाख रुपये विभाग में जमा करने का निर्देश दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस धनराशि को जमा करने के बाद विभाग की ओर से कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद सांसद की ओर से उनके अधिवक्ता ने छह लाख का ड्राफ्ट विभाग में जमा कराया है। अब न्यायालय के आदेश के बाद उनका बिजली कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। वहीं, सपा सांसद के अधिवक्ता फरीद अहमद ने बताया कि उनके परिसर में बिजली विभाग ने छापा मारा था और उन्होंने बिजली चोरी का इल्जाम लगाया था। इतना ही नहीं, सांसद के ऊपर एक करोड़ 91 लाख 98 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। इसके खिलाफ हम हाईकोर्ट में गए और इस संबंध में एक आदेश दिया गया कि मेरे मुवक्किल को 6 लाख रुपये जमा करने होंगे, जिसके बाद बिजली का कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। हमने 6 लाख का ड्राफ्ट जमा कर दिया है और एक प्रार्थना पत्र भी दिया है कि हमारा बिजली का कनेक्शन जोड़ा जाए।

आवश्यकता है



ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल को दो ट्रेंड नर्स की।
कम से कम दो वर्ष का अनुभव।
तुरन्त सम्पर्क करें-
M.: 9927003400 मंत्री

आवश्यकता है
अग्रवाल पैथोलॉजी लैब
कलेक्शन सेंटर के लिए
1 ट्रेंड कंपाउंडर जो ब्लड सैंपल लेने में सक्षम हो
स्थान:- नई मंडी, बड़े डाकखाने के सामने, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें :- 7455000756

# होटल में प्रेमी के साथ थी महिला, पुलिस को लेकर पहुंचा पति, छत से कूदकर पत्नी फरार

बागपत, 17 जून (एजेंसी)।प्रदेश के बागपत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला अपने प्रेमी के साथ होटल पहुंच गई। मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र का है। महिला को उसके पति ने पुलिस के साथ रंगेहाथों पकड़ने की कोशिश की, लेकिन महिला होटल की छत से कूदकर फरार हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, महिला बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र की रहने वाली है और उसका पति से अक्सर विवाद होता था। विवाद के निपटारे के लिए एसपी कार्यालय में स्थित महिला सेल की ओर से कई बार पति-पत्नी को काउंसलिंग के लिए भी बुलाया गया। वह महिला सेल से तीसरी बार मिडिएशन करके लौट रही थी। लौटते समय महिला बागपत से बड़ौत की बस में बैठी और फिर बड़ौत पहुंचने के बाद अपने प्रेमी के साथ बाइक पर बैठकर एक होटल पहुंची, जो



हॉलिडे होटल के नाम से संचालित हो रहा है। महिला के पति ने गुप्त रूप से उसका पीछा किया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। जैसे ही पुलिस होटल पहुंची, महिला घबरा गई और पकड़े जाने के डर से लगभग 12-13 फीट ऊंची होटल की छत से छलांग लगा दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गई। महिला के कूदने का वीडियो किसी राहगीर ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास ड्रोन, लेजर बीम पर प्रतिबंध

**कोच्चि, 17 जून (वार्ता)** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे को रेड जोन के रूप में नामित करके ड्रोन सहित लेजर बीम और विभिन्न हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश हवाई अड्डे के निदेशक और एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस प्रमुख की रिपोर्टों के आधार पर जारी किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि इस तरह के उपकरणों के अनधिकृत उपयोग से उड़ान सुरक्षा को गंभीर खतरा है। एर्नाकुलम के कलेक्टर एन.एस.के. उमेश द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि माइक्रोलाइट विमान, एयरोमॉडलर, पैराग्लाइडर, मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), ड्रोन, पावर्ड हैंड ग्लाइडर, लेजर डिवाइस और हॉट एयर बैलून को नामित रेड जोन क्षेत्र में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन उपकरणों को रनवे और उड़ान पथ के पास संचालित करने से टेकऑफ़, लैंडिंग और इन-फ़्लाइट संचालन के दौरान विमान को खतरा हो सकता है। यह निर्देश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 के तहत विमानों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

# पुलिस ने ट्रक ड्राइवर लूट का किया खुलासा : पांच लुटेरे गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 17 जून (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने पुलिस का इकबाल बुलंद करते हुए ट्रक ड्राइवर से लूट की घटना का खुलासा करते हुए पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों से लूटा गया मोबाइल व 800 रुपए की नगदी और घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों का चालान कर दिया है। बताया जाता है कि आरोपियों ने शराब के नशे में लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के कल्लरपुर-कछौली निवासी रजनीश 13 जून की रात अपना ट्रक शेरनगर बाइपास पर खड़ा कर एटूजेड रोड से संधावली की तरफ जा रहा था। रास्ते में दो बाइकों पर छह बदमाशों से उसने लिफ्ट मांगी। लिफ्ट देने के बहाने से बाइक सवार बदमाशों ने उसे आंतकित कर उससे मोबाइल व 1400 रुपए की नकदी लूट ली। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि लूट की घटना का खुलासा करते हुए बदमाश ऋतिक निवासी अलमासपुर, वंश निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी, सागर व आर्यन निवासीगण अलमासपुर व कार्तिक निवासी बिलासपुर थाना नई मंडी को गिरफ्तार कर लूट के 800 रुपए और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से घटना में प्रयुक्त दोनों बाइकें भी बरामद कर ली गयी हैं। वारदात में शामिल फरार एक बदमाश की तलाश पुलिस कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरिद्वार से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। सभी ने शराब का सेवन किया हुआ था। शराब के नशे में लिफ्ट मांगने पर उन्होंने ट्रक चालक से लूट की वारदात को अंजाम दे डाला।

## इजरायल-ईरान युद्धः ट्रम्प ने तेहरान के लोगों से पलायन करने की अपील की

**वाशिंगटन, 17 जून (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के लोगों से शहर खाली करने का आग्रह किया है।

श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा,''ईरान को वह 'सौदा' हस्ताक्षर करना चाहिए था जो मैंने उन्हें करने के लिए कहा था। यह शर्म की बात है और मानव जीवन की बर्बादी है। मैं बार-बार कहता आया हूं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता।हर किसी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।''उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। श्री ट्रम्प की यह पोस्ट और घोषणा तब आई जब ईरान ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर मिसाइलें दागीं जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी। बाद में इजरायल ने जबावी कार्रवाई की और तेहरान में ईरानी सरकारी मीडिया एजेंसी आईआरआईबी के लाइव प्रसारण के दौरान उस पर हमले किये। इसमें 227 से अधिक ईरानियों की मौत हो गयी जबकि अब तक इजरायल में कुल 24 लोगों की मौत हुयी है। इजरायली हमलों में शीर्ष ईरानी सैन्य अधिकारियों सहित नव नियुक्त आईआरजीसी कमांडर जनरल अली शादेमानी भी मारे गये हैं। इससे पहले, उनके पूर्ववर्ती गुलाम अली राशिद भी मारे जा चुके हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने चेतावनी दी कि ईरानी नागरिकों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। 'टाइम' की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रम्प जी7 बैठक बीच में ही छोड़कर नयी स्थिति से निपटने लौट आये। अमेरिका ने यूरोप में और विमान तैनात किये हैं ताकि वे पश्चिम एशिया के करीब रहकर अमेरिकी हितों की रक्षा कर सकें। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया था कि पश्चिमी एशिया में 'अतिरिक्त क्षमताएं' भी भेजी गयी हैं।